# सोलह श्रृंगार में माता रानी के दर्शन, गरबा डांडिया में झूम रहे लोग

## दुर्गा पंडालों में लग रही भीड़, मां कालिका के दर्शन के लिए भक्तों का तांता, देवी जागरण आज





**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, शारदेय नवरात्रि को लेकर शहर से लेकर गांव तक धूम मची है. चारो तरफ माता-रानी के जयकारे सुनाई दे रहे है. एक ओर जहा रानी तालाब वाली माँ कालिका ने सोलह श्रृंगार में भक्तो को दर्शद दिये तो वही दूसरी तरफ शाम को गरबा-डांडिया की धूम मची है. राजस्थानी-गुजराती वेशभूषा में कलाकार गरबा-डांडिया खेल रहे है. गुजरात के तर्ज पर रीवा में भी कई मंच गरबा-डांडिया को लेकर सजाए गए है. जहा शाम ढ़लते ही महिलाएं और पुरूष पूरे उत्साह के साथ गरबा खेलते है.**

गौरतलब है कि दस दिन तक चलने वाले नवरात्रि महापर्व में भक्ति का वातावरण बना हुआ है. शहर के दुर्गा पंडालो में शाम को भक्तो की भीड़ उमड़ती है. अष्टमी के दिन रानी तालाब वाली माँ कालिका ने भक्तो को सोलह श्रृंगार में दर्शन दिये. तड़के 4 बजे से लेकर देर रात तक भक्तो का ताता लगा रहा. बुधवार को माता रानी का सोलह श्रृंगार किया जायेगा और परिसर में देवी जागरण शाम को होगा, जहा भक्तो की भीड़ उमड़ेगी. माँ कालिका के दर्शन के लिये अष्टमी और नवमी को भारी संख्या में भक्तगण दर्शन करने पहुंचते है. इसी तरह फूलमती मंदिर में भी भक्तो की भीड़ लग रही है. अष्टमी को जगह-जगह कन्या पूजन हुआ, जहा कन्याओ का पूजन कर उन्हे भोजन कराया गया. नवमी को हवन के साथ नवरात्रि का समापन होगा. जबकि प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा के दिन किया जायेगा.

**माँ खंधो में भक्तो का सैलाब -** गोविन्दगढ़ स्थित माँ कालिका खंधो माता के दर्शन के लिये दूरदराज से भक्तगण पहुंच रहे है. पूरा मंदिर क्षेत्र माता रानी के जयकारे से गूंज रहा है. मनोकामना को लेकर भक्तगण माँ कालिका के दर्शन करने पहुंच रहे है. सुबह से लेकर देर रात तक यहा खंधो माता में भक्तो की भीड़ लगी रहती है. अलौकिक आस्था और भक्ति का संगम देखने को मिल रहा है. समाजसेवी संजीव द्विवेदी ने बताया कि माँ खंधो के दर्शन के लिये दूरदराज से भक्तिगण पहुचते है और मातारानी सब की मनोकामना पूरा करती है.



### गरबा महोत्सव में झूम रहे लोग

हिन्दू धर्म परिषद द्वारा भगवती जागरण एवं गरबा महोत्सव पद्मधर पार्क में धूम मचा रहा है. देवी गीतो और गरबा नृत्य का संगम यहा देखने को मिल रहा है. शाम ढ़लते ही आकर्षक मंच सज जाता है जहा रंग बिरंगे पोशाक में महिलाएं और पुरूष गरबा नृत्य की प्रस्तुति देते है. देर रात तक गरबा में लोग झूमते रहते है. पिछले कई दिनो से चल रहा गरबा महोत्सव अपने अंतिम पड़ाव के तरफ है. लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है. कार्यक्रम में विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी, मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति सहित गणमान्य लोग पहुंचे और महोत्सव की प्रशंसा की.

### गुजराती वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति

हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में गरबा महोत्सव धूम मचा रहा है. 17 टीमों के सैकड़ो कलाकारों ने राजस्थानी और गुजराती वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित हजारों कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, समाजसेविका श्रीमती मीना बंसल रही. इस दौरान कार्यक्रम के संबंध में कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर ने बताया कि गरबा महोत्सव कार्यक्रम में इस बार नशा से दूर रहकर आत्म सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करने उद्देश्य से ताइक्कांडो सचिव राजू वर्मा के के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा ताइक्कांडो खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन मंच में कराया गया. गरबा महोत्सव के कलाकारों व कोरियोग्राफर को मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा. अतिथियों का स्वागत करते हुए धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने कहा कि आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल व सभी पदाधिकारियों के सहयोग से गरबा महोत्सव प्रतिवर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है.



# मां कालिका को अर्पित की गई 151 फीट की चुनरी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, माँ जगत जननी कालिका मंदिर, रानी तालाब में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला. अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की महिला मोर्चा के नेतृत्व में पीटीएस चौराहा से रानी तालाब मंदिर तक 151 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई.**

माँ के जयकारों से गूँजती इस यात्रा में न सिर्फ़ ब्राह्मण समाज की महिलाएँ, बल्कि विभिन्न समाजों की बहनों ने भी आस्था और उत्साह से भागीदारी निभाई. यह चुनरी यात्रा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित की गई. इस वर्ष की विशेषता रही 151 फीट लंबी चुनरी, जिसने भक्तों का ध्यान आकर्षित किया. चुनरी यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया. रानी तालाब माँ कालिका मंदिर पहुंचने के बाद माता रानी को चुनरी अर्पित की गई और जयकारे लगाए गए. यात्रा के समापन के बाद भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया. उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्ष से भव्य चुनरी यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें सैकड़ो महिलाएं शामिल होती है.

यह चुनरी यात्रा अपने आप में एक अनोखी यात्रा और माँ कालिका के प्रति भक्तो की आस्था है. यात्रा का शुभारंभ संभाग अध्यक्ष विमला शुक्ला और जिला अध्यक्ष उमा पांडे के मार्गदर्शन में हुआ. इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष गीता शुक्ला, प्रदेश सचिव संजू त्रिपाठी, संभाग संयोजिका निर्मला तिवारी, संगठन महामंत्री प्रिया द्विवेदी, मंत्री अनिता त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं. यात्रा में सतना जिला अध्यक्ष रंजना गौतम, प्रभारी सत्यभामा मौजूद रही.

## संक्षिप्त



### एम्बुलेंस संचालकों को दिए गए निर्देश

**रीवा,** संजय गांधी अस्पताल में एम्बुलेंस व्यवस्था में नवाचार करने और अनियमितता से बचाव के लिए अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक हुई, जिसमें कई निर्देश चालको को दिये गये और किसी तरह की लापरवाही न बरतने के लिये कहा गया. थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल, यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा, अंजलि गुप्ता, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, सीएमओ डा0 अतुल सिंह एवं डॉ यत्नेश त्रिपाठी की उपास्थिति में सभी एम्बुलेंस मालिकों एवं चालकों की बैठक आयोजित की गई एवं उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये. आम जन से शिष्ट रहने व प्रबंधन द्वारा बनाये गए नियमों के प्रति लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए.

### खाद्य मंत्री अल्प प्रवास पर आज आएंगे रीवा

**रीवा,** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एक अक्टूबर को रीवा आयेंगे. खाद्य मंत्री 30 सितंबर को भोपाल से रात 10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान करके एक अक्टूबर को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेगे. खाद्य मंत्री सुबह 8.15 बजे सर्किट हाउस रीवा पहुंचकर अल्प विश्राम के बाद दोपहर 12 बजे कार द्वारा ब्यौहारी जिला शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे. खाद्य मंत्री ब्यौहारी में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3.30 बजे से ब्यौहारी से प्रस्थान कर शाम 5 बजे रीवा पहुंचेगे. खाद मंत्री रात 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से सागर के लिए प्रस्थान करेंगे.

### मिश्रीलाल गुप्ता का निधन



**चाकघाट,** नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष यज्ञ नारायण गुप्त के छोटे भाई मिश्रीलाल गुप्ता का बीमारी के दौरान आज देहांत हो गया. प्रयागराज के चिकित्सालय में उनका इलाज चल रहा था. मिश्रीलाल गुप्ता का अंतिम संस्कार चाकघाट में तमसा नदी के तट पर किया गया. अंतिम संस्कार के समय नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे. उन्होंने दिवंगत आत्मा के प्रति लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की.

### कुलदीप कुमार ओझा को पीएचडी उपाधि मिली



**रीवा,** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से कुलदीप कुमार ओझा को भूगोल विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी) की उपाधि प्रदान की गयी है. कुलदीप ओझा ने ''रीवा जिले में भूमि उपयोग परिवर्तनशीलता की प्रतिलिपियों का फसल प्रतिरूप पर पड़ने वाले प्रभावों का भौगोलिक अध्ययन'' शीर्षक में शोध निर्देशक डॉ0 ध्रुव कुमार द्विवेदी वर्तमान कुलगुरु स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश के कुशल मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया. रीवा जिले में भूमि उपयोग परिवर्तनशीलता एवं फसल प्रतिरूप पर केन्द्रित उत्कृष्ट कार्य पर शोध केन्द्र प्राचार्य डॉ0 अर्पिता अवस्थी, अनुशासन अधिकारी डॉ0 महानंद द्विवेदी, एवं शोध प्रभारी डॉ0 मनीष शुक्ला, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ0 बी.पी. सिंह, डॉ0 बी.के. शर्मा, डॉ0 ए.के. सिंह, डॉ0 ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, डॉ0 डी.डी. कश्यप, डॉ. राघवेन्द्र तिवारी, तथा रामलखन विश्वकर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया. कुलदीप तराई अंचल के ग्राम बौंसड़वा तहसील जवा जिला रीवा के प्रतिष्ठित परिवार भरत लाल ओझा, श्रीमती शशिकला ओझा के सुपुत्र हैं.

# अवैध डेयरी को लेकर नगर निगम ने एक दिन कार्यवाही कर खानापूर्ति की

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, नगर निगम द्वारा शहर में संचालित अवैध डेयरियों को लेकर एक दिन कार्यवाही की गई और दो दर्जन से अधिक गौवंश जप्त किये गये. उसके बाद से कार्यवाही ठप्प हो गई. जबकि हर मोहल्ले में अवैध डेयरी खुली है.**

आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरियों से जहा आसपास के लोग परेशान है, वही मलमूलत्र सीधे नाली में बहाया जाता है. नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए शहर में एक सैकड़ा से अधिक छोटी-बड़ी डेयरी गली मोहल्लो में चल रही है. जबकि कई बार शहर से बाहर डेयरी चलाने के निर्देश दिये गये है, बावजूद इसके शहर की तंग गलियो में डेयरी चल रही है.

हालत यह है कि सड़क पर मवेशी बांधे जाते है जिससे आवागमन भी प्रभावित होता है. नगर निगम अमले ने एक दिन कार्यवाही की और उसके बाद कोमरपूर्ति हो रही. जबकि लगातार कार्यवाही होनी चाहिये. आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी से सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है. उसके बाद भी कार्यवाही नही की जा रही है.

### बेदखली आदेश को लेकर उप मुख्यमंत्री से मिला परिवार

वर्षो से भूमि में अपना आशियाना बनाकर रह रहे गरीब परिवारों को वहां से हटाने का आदेश कर दिया गया है. इस आदेश को लेकर सब हैरान है और इसे नियम विरूद्ध बताया जा रहा है. मामला हुजूर तहसील का है. कलेक्टर से भी शिकायत की गई है. मंगलवार को वर्षो से भूमि पर रह रहे आदिवासी परिवार ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से मामले की शिकायत की है और न्याय की गुहार लगाई है. उप मुख्यमंत्री ने उन्हें न्याय का आश्वासन दिया है. इस संबंध में श्यामलाल कोल, बृजलाल कोल पिता स्व.कनैहा कोल ने बताया कि समान हल्का में आराजी नंबर 250, 253 व 245 का कुल रकवा 0.872 हे. को लेकर संजय सोनी पिता उमाशंकर सोनी निवासी कटरा ने बेदखली के लिए आवेदन किया था, जिसमें बिना आदिवासी परिवार की सुनवाई किए ही आदेश जारी कर दिए.

# सेवा पखवाड़े में रेडक्रॉस के शिविर में 111 की हुई जांच




**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, सेवा पखवाड़े में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में भारतीय रेडक्रास समिति रीवा द्वारा शहर के 3 आंगनवाड़ी केन्द्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया.**

इस संबंध में जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में 111 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गयी. डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. आदित्य तिवारी, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. अभिषेक श्रोत्रिय तथा डॉ. आशय द्विवेदी ने शिविर में आये व्यक्तियों के ब्लड प्रेशर, डायबिटीज तथा अन्य रोगों की जांच की. जांच के अनुसार रोगियों को नि:शुल्क दवायें भी प्रदान की. शिविर में श्रीमती भारती शर्मा, श्रीमती श्वयेता गुप्ता मौजूद रही.

### टीएल बैठक आज

**रीवा, 30 सितम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक एक अक्टूबर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. बैठक में सीएम हेल्पलाइन व समय सीमा के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी. बैठक में जिले में चल रहे सड़क सुधार कार्यों की निर्माण एजेंसीवार समीक्षा के साथ ही आरसीएमएस के प्रकरणों की भी समीक्षा होगी. इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार व विभागीय जिलाधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है.

# खेलों से अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है : मिश्र



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, मऊगंज जिले में हनुमना तथा खटखरी में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का रीवा सांसद जनार्दन मिश्र ने शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि खेल से तन मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं. सांसद खेल महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य आमजनता को विभिन्न खेलों के माध्यम से नई ऊर्जा अनुशासन और टीम भावना का संदेश देना है. इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश की युवा शक्ति नये और विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे कदम बढ़ा रही है. इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने सम्बोधित किया. सांसद श्री मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल का विधिवत शुभारंभ किया. हनुमना में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर तथा खटखरी में हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सुनील सिंह, श्रीमती संतोष सिंह सिसोधिया, वंशगोपाल तिवारी आदि मौजूद रहे.

# 13 यात्री बसों से 4.24 लाख का जमा कराया गया कर



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई के माध्यम से 13 यात्री बसों के संचालकों से कुल 4,24,099 रुपये का बकाया मोटरयान कर जमा कराया है.**

यह सफल अभियान न केवल विभागीय राजस्व को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ है, बल्कि सड़क परिवहन व्यवस्था को अधिक अनुशासित और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. परिवहन विभाग के अधिकारियों ने इसके लिए विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें विभिन्न रूटों पर संचालित यात्री बसों के कर भुगतान की गहन जांच की गई. इस दौरान पता चला कि ये 13 बसें लंबे समय से मोटरयान कर के भुगतान में विमुख थीं. विभाग ने तुरंत आज संचालकों को भुगतान के लिए अल्टीमेटम दिया, जिसके फलस्वरूप इन तेरह बस मालिकों ने निर्धारित समय के भीतर राशि जमा कर दी. जिससे इनका परिचालन निर्बाध रूप से जारी रह सके. परिवहन विभाग ने बताया की हमारा मुख्य लक्ष्य कर वसूली के साथ-साथ परिवहन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

इस वसूली से रीवा परिवहन विभाग के राजस्व में उल्लेखनीय इजाफा होगा. विभाग ने सभी वाहन मालिकों से अपील की है कि वे भविष्य में समयबद्ध तरीके से कर जमा करें, 13 बसों से यह बकाया मोटरयान कर जमा कराया गया. यह कार्यवाही परिवहन सुरक्षा स्कवाड़ रीवा द्वारा की गई.

# संभाग के 438 छात्रावासों को 178 टन खाद्यान्न आवंटित

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, अनुसूचित जाति जनजातीय एवं अन्य पिछड़ावर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों को खाद्य विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नि3शुल्क खाद्यान्न हर माह उपलब्ध कराया जा रहा है.**

इस संबंध में आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि रीवा संभाग के 438 छात्रावासों को सितंबर 2025 के लिए 178 मैट्रिक टन खाद्यान्न प्रदान किया गया है. इसमें रीवा जिले के 74 छात्रावासों के लिए 27 टन, सतना जिले के 73 छात्रावासों के लिए 27 टन, सीधी जिले के 115 छात्रावासों के लिए 50 टन खाद्यान्न आवंटित किया गया. इसी तरह सिंगरौली जिले के 106 छात्रावासों के लिए 53 टन, मैहर जिले के 37 छात्रावासों के लिए 16 टन एवं मऊगंज जिले के 33 छात्रावासों के लिए 5 टन खाद्यान्न आवंटित किया गया. इसका आवंटन विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार किया गया है. आवंटित खाद्यान्न का 95 प्रतिशत उठाव तथा वितरण हो गया.

# मॉडल स्कूल ग्राउंड में सजेगी पटाखे की दुकानें

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, दीपावली पर आतिशबाजी विक्रेता एक अक्टूबर से 14 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं.**

आवेदन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से करना होगा. शहरी क्षेत्र रीवा के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा. शहरी क्षेत्र में आतिशबाजी लायसेंस के नवीन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे. माडल स्कूल ग्राउंड में हर वर्ष की तरह इस बार भी पटाखे की दुकाने लगाई जाएगीं, इसके अलावा कही भी दुकाने नही लगेंगीं.

# बिछिया थाना क्षेत्र में लाखों की चोरी, पुलिस बनी मूकदर्शक

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 30 सितम्बर, बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोही गांव में लाखों की चोरी हुई लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की.**

बिछिया थाना क्षेत्र में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है. यहा निरीक्षक की पदस्थापना नही है बल्कि उपनिरीक्षक के हवाले थाना है. अपराध पर नियंत्रण नही लग पा रहा है. ग्राम लोही निवासी कृष्णा कांत तिवारी के घर दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं 10,000 नकद पार कर दिया. पीड़ित ने तत्काल बिछिया थाने में शिकायत दर्ज कराई और इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक रीवा को भी मामले की लिखित सूचना दी. इसके बावजूद 20 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. पीड़ित का आरोप है कि चोरों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि फरियादी को थाने से डाँटकर भगा दिया जाता है. ग्रामवासियों का कहना है कि यदि पुलिस इस तरह लापरवाह बनी रही तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे. कार्यवाही की मांग की गई है.

### गांधी जयंती कल

**रीवा, 30 सितम्बर,** कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती पर उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे 02 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया हैं. संगोष्ठी मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जावेगा.